
# साहिल और फहीम हिंदू नाम से संचालित कर रहे थे इन्वेस्टमेंट कंपनी

## फर्जीवाड़े में 13 लड़की और 6 लड़कों को उज्जैन साइबर पुलिस ने लिया हिरासत में

**शाजापुर, 11 दिसंबर. शाजापुर शहर में कभी नौकरी के नाम पर, कभी इन्वेस्टमेंट के नाम पर, कभी शेयर मार्केट के नाम पर कई फर्जीवाड़े उजागर हुए हैं. शहर में आज भी किराये का मकान लेकर लोगों को नौकरी के नाम पर शेयर मार्केट के नाम पर लूटा जा रहा है. ऐसा ही एक मामला साइबर पुलिस उज्जैन ने पकड़ा. गिरवर रोड पर साहिल और फहीम एक किराये के मकान में स्वास्तिक इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के नाम से शेयर मार्केट के फर्जीवाड़े को संचालित कर रहे थे. लोगों का पैसा लगाकर उन्हें शेयर मार्केट के नाम पर लूटा जा रहा था. इस लूट गैंग में 13 युवतियां और 6 युवकों को पुलिस ने धर दबोचा. उज्जैन से आई साइबर टीम ने 19 लोगों को हिरासत में लिया और जिस मकान में ये फर्जीवाड़ा चल रहा था, उसे सील कर दिया.**

गौरतलब है कि शाजापुर के गिरवर क्षेत्र में 13 हजार रुपए प्रतिमाह किराये के मकान में पिछले कई महीनों से साइबर अपराध के तहत लोगों को शेयर मार्केट में पैसा लगाने की पूरी गैंग काम कर रही थी. जो प्रति माह 6 से 7 लाख रुपए फर्जी तरीके से कमाते थे. इसके लिए बकायदा 13 युवतियां और 6 युवक इस गैंग में शामिल थे. जो लोगों को फोन करके शेयर मार्केट के बारे में जानकारी देते थे और अपनी फर्जी अकाउंट में लोगों से पैसा डलवाते थे. शिकायत के बाद उज्जैन साइबर पुलिस ने आज दबिश दी. लगभग 3 से 4 घंटे की कार्यवाही में 19 लोगों को हिरासत में लिया. लोगों को एडवायजरी के नाम पर धोखाधड़ी का केंद्र चलाया जा रहा था. डीएसपी लीना मारोठ ने बताया कि धोखाधड़ी का यह फर्जीवाड़ा लंबे समय से चल रहा था. जिसकी सूचना मिलने पर राज्य साइबर सेल पुलिस की टीम ने यह कार्यवाही की. स्थानीय पुलिस को भनक भी नहीं लगी.



साहिल मंसूरी का किरायानामा

### फहीम और साहिल की जोड़ी 6 से 7 लाख रूपए महीने की हेराफरी करती थी

लोगों को शेयर मार्केट में पैसे लगाने की एडवाइजरी के नाम पर धोखाधड़ी और लूट के केंद्र के सरगना फहीम गौरी और साहिल मंसूरी थे, जो शाजापुर के स्थानीय युवक हैं . प्रतिमाह 6 से 7 लाख रुपए इस धोखाधड़ी से कमाते थे . उनका रहन-सहन भी किसी रईस से कम नहीं था . बकायदा खुर्शीद आरा पति अजगर अली का मकान 13 हजार रुपए प्रतिमाह किराये पर साहिल मंसूरी ने लिया था . किराया लेने के दौरान ये शर्त भी थी कि मकान में कोई भी अवैध गतिविधियां या शासन द्वारा प्रतिबंधित कोई भी काम संचालित नहीं किया जाएगा, लेकिन उसके बाद भी इस मकान से धोखाधड़ी और लूट खसौट का कारोबार संचालित हो रहा था . मकान मालिक ने स्थानीय पुलिस को किरायेदार की सूचना दी थी . मकान मालिक ने साहिल मंसूरी को जब ये मकान किराये से दिया था, तो फॉर्म भराकर विधिवत शाजापुर पुलिस की आईटी सेल को इसकी जानकारी 20 फरवरी 2025 को लिखित में दी थी .

### स्वस्तिक इन्वेस्टमेंट के नाम से हो रहा था फर्जीवाड़ा

साहिल मंसूरी ने जो किरायेदार संबंधित फॉर्म भरा था, उसमें उसने बताया था कि उसकी संस्था स्वास्तिक इन्वेस्टमेंट प्रा . लि . के नाम से काम करती है . इसी कंपनी के नाम से वह लोगों के साथ इन्वेस्टमेंट के नाम पर फर्जीवाड़ा कर रहा था . सनातन धर्म में स्वास्तिक को हर शुभ काम के पहले बनाया जाता है, लेकिन साहिल और फहीम ने सनातन धर्म के स्वास्तिक को फर्जीवाड़े और धोखाधड़ी के हथियार के रूप में दुरुपयोग किया .


पुलिस गिरफ्त में युवतियां और युवक

**इनका कहना है**

*आम जनता को शेयर ट्रेडिंग में आर्थिक लाभ का झांसा देकर ये लोग फर्जीवाड़ा कर रहे थे. हर महीने 6 से 7 लाख रुपए की हेराफेरी करते थे. ये फर्जीवाड़ा 7-8 महीने से संचालित हो रहा था. 19 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. बैंक से स्टेटमेंट लिया गया है. उसके बाद आगामी कार्यवाही की जाएगी.*

***- लीना मारोठ, डीएसपी, साइबर सेल, उज्जैन***

## एक नजर में

### जिला न्यायालय परिसर में लगा विशाल नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर

**शाजापुर, 11 दिसंबर .** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर एवं जिला अभिभाषक संघ शाजापुर के संयुक्त तत्वावधान में आनंदम नेत्रालय के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में एक दिवसीय नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया . सुबह 10 . 30 से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में कुल 280 नागरिकों ने अपनी नेत्र जांच करवाई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया . मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया . इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश अंजनी नंदन जोशी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अवधेश कुमार गुप्ता, कुमार पाराशर, दिनेश कुमार नोटिया, गिर्राज प्रसाद गर्ग, दिलीप सिंह, श्रीमती रंजीता राव सोलंकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सुनयना श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नमिता बौरासी, व्यवहार न्यायाधीशगण श्रीमती प्रेमलता जितेन्द्र गोयल, श्रीमती अनुष्का शर्मा, सतीष कुमार शुक्ल, श्रीमती जयश्री आर्यन मेहरा, श्रीमती शिखा शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ विवेक शर्मा, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल का स्टॉफ अधिवक्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे .

**नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर में दिखा उत्साह**

इस नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर जनसमुदाय में उत्साह दिखाया . शिविर में 280 लोगों ने परीक्षण कराया . शिविर में सुबह से ही आमजन में खासा उत्साह देखने को मिला . नेत्र समस्या से पीड़ित नागरिक, चश्मा पहनने वाले वरिष्ठजन, महिलाएं, बच्चे और वे लोग जिन्हें सस्ती एवं सुलभ नेत्र जांच की आवश्यकता थी, सभी बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचे . नेत्र विशेषज्ञों ने आंखों की रोशनी, नंबर, सामान्य नेत्र, बीमारियों तथा आगे की देखभाल संबंधी परामर्श नि :शुल्क प्रदान किया . जरूरतमंद लोगों को आगे के उपचार के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया . नेत्र जांच शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक पहुंचे, शिविर का मुख्य उद्देश्य था आमजन, विशेषकर वृद्ध, महिला एवं बच्चों को नि :शुल्क नेत्र जांच उपलब्ध कराना, आंखों के रोगों का समय पर निदान सुनिश्चित करना, समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना .

### नेशनल लोक अदालत कल

**शाजापुर, 11 दिसंबर.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा 13 दिसंबर शनिवार को जिला एवं तहसील स्तर पर नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी . इसी के संदर्भ में आज जिला स्थापना शाजापुर एवं तहसील न्यायालय शुजालपुर के समस्त न्यायाधीशगण की समीक्षा बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई . बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी ने कहा कि नेशनल लोक अदालत को सफल बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. उन्होंने जिला न्यायालय शाजापुर के सभी न्यायाधीशगण से वन टू वन चर्चा की तथा तहसील न्यायालय शुजालपुर के न्यायाधीशगण से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद स्थापित किया .

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाजापुर, 11 दिसंबर .** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में आज राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई . कलेक्टर ने राजस्व कार्यों की समीक्षा में न्यायालयवार बटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन आदि के निराकृत प्रकरणों की समीक्षा की .

## नवनिर्मित मंदिर में विराजे श्री रणजीत हनुमान और शिव परिवार

**शाजापुर, 11 दिसंबर.** महूपुरा क्षेत्र में धर्म और आस्था का महाकुंभ सजा हुआ है. महूपुरा चौराहे पर स्थित श्रीरणजीत हनुमान मंदिर के नवनिर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया. इस दौरान श्री रणजीत हनुमान एवं शिव परिवार की विधि विधान से स्थापना की गई है. आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह पांच दिवसीय पुनीत कार्य 8 दिसंबर सोमवार से प्रारंभ हुआ. महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजन और आरती का दौर चला. वहीं हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर महाआरती के पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा. भंडारे का समय सायं 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक रखा गया है.

## व्यास की गद्दी पर प्रेम से स्थापित हो सकती है भीम की गदा...

**बात शाजापुर की**
मनोज पुरोहित

व्यास ने बड़ोदिया थाने की गद्दी प्रेम से छोड़ दी. इसके लिए विचार-विमर्श कर निविदाएं बुलाई गई. अब निविदा भीमसिंह पटेल के नाम से खुल सकती है. हालांकि निविदा में भाग लेने के लिए बेरछा थाना प्रभारी भरत किरार भी शामिल थे. अन्य थाना प्रभारियों ने भी इस निविदा में भाग लेने के इच्छुक थे, लेकिन भीमसिंह पटेल की निविदा लगभग फाइनल है और अब वे व्यास की गद्दी पर प्रेम से स्थापित होकर बड़ोदिया में अपनी गदा घुमा सकते हैं. बड़ोदिया थाने के गल्ले के लिए भीमसिंह शुरू से ही व्याकुल और बेचैन थे और उनकी व्याकुलता और बेचैनी की घड़ी अब समाप्ति की ओर है. अब बड़ोदिया थाने का गल्ला भीमसिंह की गदा के दम पर भराएगा. भरत किरार की भी इच्छा थी कि वे एक बार फिर बड़ोदिया की सल्तनत संभालें, लेकिन उन्हें अभी कुछ दिन और बेरछा के गल्ले पर ही तैनात रहना होगा. अब सुनेरा खाली होने से हो सकता है लंबे समय से बेरोजगारी के दिन काट रहे शहर के पूर्व कोतवाल बृजेश मिश्रा की ताजपोशी सुनेरा हो सकती है, ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं. अब देखना यह है कि भीमसिंह के जाने के बाद सुनेरा में बृजेश मिश्रा को रोजगार मिलता है या फिर किसी नए को मौका मिलता है. कुल मिलाकर मोहन बड़ोदिया की पटेली अब भीमसिंह करेंगे. ये लगभग तय माना जा रहा है. मक्सी की अपार सफलता के बाद भीमसिंह पटेल बड़ोदिया पर निगाहें शुरू से थी. कुछ समय के लिए वे बड़ोदिया न जाने पर रूठ गए थे और छुट्टी चले गए थे. अब उन्हें बड़ोदिया की सल्तनत मिलने की बस खबर आने वाली है. अब देखना यह है कि बड़ोदिया में भीमसिंह पटेल खाकी को कितना सम्मान दिलाते हैं और स्थानीय खादी को कैसे संभालते हैं.

**कालापीपल है पेटी कॉन्ट्रेक्टर के हवाले...**

जिस प्रकार निविदा में ठेकेदार को काम मिलता है, फिर ठेकेदार चाहे, तो अपना काम पेटी कॉन्ट्रेक्टर को दे देता है और ठेकेदार अपना मुनाफा ले लेता है. कालापीपल थाने में भले ही थ्री स्टार की पदस्थापना हो, लेकिन यहां थाने का पूरा काम पेटी कॉन्ट्रेक्टर के रूप में टू स्टार के हवाले है. चूंकि कालापीपल के टू स्टार पर खादी की असीम कृपा है. इसलिए किसी की ताकत नहीं कि वे कालापीपल के टू स्टार को वहां से हिला भी सके.

**धैर्य और सब्र वाले होते हैं सुरा प्रेमी**

महंगाई को लेकर धरना आंदोलन होते हैं. रोड न बने तो आंदोलन हो जाता है. पानी न आए, तो आंदोलन हो जाता है. अस्पताल में अव्यवस्था हो, तो आंदोलन हो जाता है, लेकिन आज तक शराब की कीमतों और क्वालिटी को लेकर कभी धरना या आंदोलन देखने को नहीं मिला. धैर्य और सब्र क्या होता है ये सबको सुरा प्रेमियों से सीखना चाहिए. ठंड हो, गर्मी हो, बरसात हो. सरल, सहज सुरा प्रेमियों को यदि उनका मनपसंद ब्रांड दुकान पर नहीं मिले, तो वे दूरी की परवाह नहीं करते हैं. उन्होंने शासन-प्रशासन से कभी गुहार भी नहीं लगाई कि उन्हें पीने के लिए स्वच्छ जगह मिले. कहीं भी आसानी से चने-मटर और डिस्पोजल के साथ अपनी महफिल सजा लेते हैं.

**अंत में...**

कल तक गुमनाम था, तो फासला था... आज कामयाब हूं, तो सबने रिश्ते बना लिए...

## साइबर क्राइम से बचने व सतर्क रहने की जानकारी दी

### विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**शुजालपुर, 11 दिसंबर. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तृतीय जिला न्यायाधीश शुजालपुर सपना पोर्ते के निर्देशन में आष्टा रोड स्थित निजी स्कूल में विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन कर स्कूल के छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूक करते हुए साइबर क्राइम से बचने एवं सतर्क रहने के संबंध में जानकारी दी गई.**



उक्त शिविर में न्यायाधीश गजल पाहवा द्वारा शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम एवं बाल अधिकारों सहित विधि के विभिन्न विषयों के बारे में बताते हुए कहा कि यदि कोई भी आपके साथ गलत हरकत करता है या गलत तरीके से टच करता है तो उसका विरोध करें तथा अपने माता-पिता व शिक्षकों से उसकी शिकायत अवश्य करें, डरें नहीं. साथ ही साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जानकारी होना ही काफी नहीं है, सही जानकारी होना जरूरी है. इसके साथ ही उक्त शिविर में उपस्थित स्कूल के डायरेक्टर व अन्य शिक्षकगण सहित पैरालीगल वॉलेंटियर द्वारा भी बच्चों को उनके भविष्य के प्रति जागरूक रहने एवं जीवन में आने वाली बाधाओं के प्रति सजग करते हुए अच्छे से पढाई करके अपना व अपने परिवार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया. उक्त विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीश के साथ विधिक सेवा समिति शुजालपुर न्यायालय के कर्मचारी शुभम राजावत, सुनीता कुशवाह, प्रीती उपाध्याय, सचिन प्रजापति, पैरालीगल वॉलेंटियर ग्रीष्मा शाह तथा अभिनंदन जैन सहित अन्य मौजूद रहे.

### पटवारी कैलाश राजोरिया निलंबित

**शाजापुर, 11 दिसंबर.** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुलाना आलोक वर्मा ने गुलाना तहसील के ग्राम गोदना पटवारी हल्का क्रमांक 15 के पटवारी कैलाश राजोरिया को अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उत्तरदायित्व का निर्वहन उचित तौर पर नहीं करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है. निलंबन अवधि में कैलाश राजोरिया का मुख्यालय तहसील कार्यालय गुलाना रहेगा एवं इनको निलंबन काल में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी.

## माफी देवस्थान कृषि भूमियों की नीलामी से 1 करोड़ 26 लाख की हुई आय

**शाजापुर, 11 दिसंबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बताया कि शाजापुर जिले में में माफी देवस्थान कृषि भूमियों की नीलामी से दो वर्षों में शासन को कुल एक करोड़ 26 लाख 51 हजार 495 रूपये की आय प्राप्त हुई हैं.**

कलेक्टर सुश्री बाफना ने बताया कि माफी देवस्थान अंतर्गत 40 मंदिरों की कृषि भूमियों की वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की नीलामी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई है. नीलामी प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धी वातावरण में संपादित किया गया.जिससे देवस्थान राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि संभव हुई है. यह राशि भविष्य में मंदिरों के संरक्षण, मरम्मत, परिसर विकास तथा धार्मिक गतिविधियों को सुदृढ़ करेगी. कलेक्टर सुश्री बाफ्ना ने बताया कि आने वाले समय में माफी देवस्थान संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे शासन की आय में निरंतर वृद्धि एवं धार्मिक संस्थानों का विकास तेजी से होगा. प्राप्त जानकारी के अनुसार इस तरह इन दो वर्षों वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जिले की कुल 12651495 रूपये की आय प्राप्त हुई है, जिसमें तहसील शाजापुर को 736100 रूपये, मोहन बड़ोदिया को 5422395 रूपये, शुजालपुर को 1451000 रूपये तथा कालापीपल को 5042000 रूपये की आय प्राप्त हुई हैं. जिसमें वर्ष 2024-25 की नीलामी से प्राप्त राजस्व अंतर्गत तहसील मोहन बड़ोदिया को 3448300 रूपये, कालापीपल को 2411000 रूपये, इस प्रकार कुल 5859300 रूपये की आय प्राप्त हुई हैं. इसी प्रकार वर्ष 2025-26 की नीलामी से प्राप्त राजस्व अंतर्गत तहसील शाजापुर को 736100, मोहन बड़ोदिया को 1974095, शुजालपुर को 1451000, कालापीपल को 2631000 की आय प्राप्त हुई हैं.

## कलश यात्रा एवं नशा मुक्ति जन जागरण रैली निकली



**शाजापुर, 11 दिसंबर. गुरूवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के दिव्य संरक्षण व गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में स्थानीय श्रीराम स्मृति स्वास्थ्य उपवन हर्बल गार्डन गिरासिया घाट पर आयोजित नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा को लेकर मंगल कलश यात्रा एवं नशा मुक्ति जन जागरण रैली निकाली गई.**

रैली स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ से प्रारम्भ होकर महूपुरा, ओंकारेश्वर मंदिर, धानमंडी, किला रोड़, छोटा चौक, बड़ा चौक, सोमवारिया गेट, सोमवारिया बाजार, मगरिया, लालपुरा, कुम्हार घाटी, रपट, बंशी टॉकीज चौराहा होते हुए गरासिया घाट पहुंची. यात्रा का जगह-जगह विभिन्न संगठनों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया. इस दौरान रैली को विधायक अरूण भीमावद ने गायत्री शक्तिपीठ पर संबोधित भी किया.

**आज होंगे यह आयोजन...**

प्रदीप वैद्य ने बताया कि हरिद्वार के टोली नायक प्रज्ञा पाराशर, गायक किरण कुमार दशोन्दी, कर्मकाण्ड राधेश्याम पटेल व योगेश पटेल, तबला वादक कुलदीप पाटीदार के नेतृत्व में 12 दिसंबर को देवपूजन, 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ होगा.

**एक नजर में** युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पदभार ग्रहण में हजारों नेता हुए शामिल

## राजधानी में उमड़ा शाजापुर के श्याम टेलर का सैलाब

**शाजापुर, 11 दिसंबर. श्याम भैया, श्याम भैया... के नारों से गूंज उठा प्रदेश भाजपा कार्यालय. युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद शाजापुर से भोपाल पहुंचे श्याम टेलर के लिए उमड़ पड़ा जनसैलाब. शाजापुर से सैकड़ों वाहनों में सवार कार्यकर्ताओं के साथ भोपाल पहुंचे प्रदेश भाजपा कार्यालय में श्याम टेलर ने नवनियुक्त अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया. शाजापुर जिले से निकले इस काफिले का भोपाल तक जगह-जगह ऐतिहासिक स्वागत किया गया. कार्यकर्ता अपने नए नेता के स्वागत के लिए प्रदेश भाजपा कार्यालय में ढोल-ढमाकों के साथ झूमते नजर आए.**





गौरतलब है कि शाजापुर जिले का पूरे प्रदेश में नाम करने के लिए श्याम टेलर ने राजनीति में ऐसा कदम रखा कि जिसे देखकर सब आश्चर्यचकित रह गए. 40 साल बाद युवा मोर्चा को शाजापुर से प्रदेश अध्यक्ष के रूप में श्याम टेलर मिला. जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष रहते हुए श्याम टेलर ने राजनीति में ऐसी छलांग लगाई कि राजनीतिक धुरंधरों के गणित गड़बड़ा गए. शाजापुर से भाजपा के पूर्व, वर्तमान और कई पदाधिकारी श्याम टेलर के पदभार ग्रहण के साक्षी बने. जब शाजापुर प्रथम नगर आगमन हुआ था तब भी श्याम टेलर के लिए युवाओं का सैलाब देखने लायक था. अब एक बार फिर युवाओं का सैलाब भोपाल में देखने को मिला.

### हजारों वाहनों के साथ पहुंचे भोपाल...

शाजापुर से भोपाल केलिए निकले श्याम टेलर को लेने छिंदवाड़ा, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, इंदौर, उज्जैन और आसपास के जिले के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आए थे. हजारों की संख्या में रैली के रूप में वे भोपाल पहुंचे, जहां उन्होंने पदभार ग्रहण किया. प्रदेश भाजपा कार्यालय में युवाओं का जनसैलाब लंबे समय बाद देखने को मिला. शाजापुर से भी हजारों की संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता और भाजपा नेता मौजूद थे.

## पीएम फसल बीमा योजनान्तर्गत अधिसूचित फसलों का बीमांकन

**शाजापुर, 11 दिसंबर.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी 2025-26 की बीमा इकाईवार, तहसीलवार एवं जिलावार अधिसूचित की जाने वाली फसलों को राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर पर डिजिटाइज किया जा चुका है. किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक आरएल जामरे ने बैंक ऑफइंडिया जिला अग्रणी प्रबंधक एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी से कहा है कि रबी 2025-26 में कृषकों का बीमांकन करने के लिए के लिए पोर्टल खोला जा रहा है. अधिसूचित फसलों को आपके ब्रांच लाग इन पर देखा जा सकता है. भौतिक सूची राजपत्र में शीघ्र प्रकाशित की जा रही हैं. पोर्टल पर डिजिटाइजेशन अनुसार अधिसूचित इकाई की अधिसूचित फसलों का प्रीमियम नामे कर फसल बीमा करें तथा तत्काल बीमित कृषकों की प्रविष्टि एवं अन्य कार्यवाही सुनिश्चित करें. रबी 2025-26 में कृषकों का प्रीमियम नाम कर बीमांकन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है.